CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995



# राजनीति-विज्ञान तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

# POLITICAL SCIENCE AND INTERNATIONAL RELATIONS (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिये :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन में राजनीतिक अर्थशास्त्रीय उपागम के मार्क्सवादी दृष्टिकोण का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

Critically examine the Marxist aspect of political economy approach to the study of comparative politics.

*(b)* राजनीतिक दलों की अवनति पर टिप्पणी कीजिये और परीक्षण कीजिये कि क्या नव सामाजिक आंदोलन सरकार और समाज के बीच कड़ी स्थापित करने के लिए वैकल्पिक रणनीति होंगे।

Comment on the decline of political parties and examine whether new social movements shall be alternative strategy for establishing link between government and society.

*(c)* राज्य के आंतरिक प्रकार्यण (फंक्शनिंग) पर वैश्वीकरण के प्रभाव पर चर्चा कीजिये।

Discuss the impact of globalization on the internal functioning of the state.

*(d)* अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के अध्ययन के प्रकार्यात्मक और व्यवस्थात्मक उपागमों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

Critically examine the functional and system approaches to the study of international relations.

*(e)* ''आंतरिक दबावों (नृजातीय और प्रादेशिक बलों) और बाहरी घुड़कियों (यूरोपीय संघ, संयुक्त राष्ट्र, टी० एन० सी०, वैश्विक बाजार आदि) के संयोजन ने सामान्यतः कहे जाने वाले 'राष्ट्र-राज्य संकट' को पैदा कर दिया है।'' विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिये।

"A combination of internal pressures (ethnic and regional forces) and external threats (EU, UN, TNC, global market, etc.) has produced what is commonly referred to as a 'crisis of the nation-state'." Elaborate.

**2.** *(a)* आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ वैश्विक मानवीय सुरक्षा पर बल दिये जाने की आवश्यकता का क्या कारण है? उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट कीजिये।

Why does global human security need to be emphasized along with economic security? Explain with examples. 20

*(b)* क्या आप समर्थन करते हैं कि संयुक्त राष्ट्र के ढाँचे और कार्यप्रणाली में बड़े परिवर्तनों की आवश्यकता है? इसकी कार्यदक्षता बढ़ाने के लिए परिवर्तनों का सुझाव दीजिये।

Do you endorse that the United Nations needs major changes in its structures and functioning? Suggest the changes for efficient improvements. 15

*(c)* शीत युद्धोत्तर काल में नाभिकीय शस्त्रों के अप्रसार के उद्भव पर चर्चा कीजिये।

Discuss the evolution of non-proliferation of nuclear weapons in the post-Cold War period. 15

**3.** *(a)* '' 'नव साम्राज्यवादी काल' में टी० एन० सी०, बैंकों और निवेश फर्मों के हितों को साधने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, जी-7, गैट और अन्य संरचनाएँ बनाई गई हैं।'' नयी विश्व व्यवस्था में शासन के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए इसको संपुष्ट कीजिये।

"The IMF, World Bank, G-7, GATT and other structures are designed to serve the interests of TNCs, banks and investment firms in a 'new imperial age'." Substantiate with examples of governance of new world order. 20

(b) शीत युद्ध के उदय और पतन का संक्षेप में परीक्षण कीजिये।
Examine in brief the rise and fall of the Cold War. 15

(c) प्रादेशिकता विश्व राजनीति को किस प्रकार स्वरूप प्रदान करती है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये।
How does the regionalism shape the world politics? Explain with examples. 15

**4.** (a) राष्ट्रीय हित की प्रोन्नति के लिए अभिकल्पित उपकरणों और विधियों को स्पष्ट कीजिये।
Explain the instruments and methods devised for the promotion of national interest. 20

(b) "शक्ति-संतुलन की धारणा के संभ्रांतिपूर्ण होने की मशहूरी है।" इस उद्धरण के प्रकाश में क्या आप समझते हैं कि शक्ति-संतुलन की संकल्पना प्रासंगिक है?
"The notion of balance of power is notoriously full of confusion." In the light of this quotation, do you think that the concept of balance of power is relevant? 15

(c) क्या हित समूह लोकतंत्र की प्रोन्नति करने में सहायता करते हैं या कि उसे कमजोर करते हैं? अपना मत प्रस्तुत कीजिये।
Do interest groups help to promote democracy or to undermine it? Give your opinion. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिये :
Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) भारत की विदेश नीति के निर्माण में कौन-कौन से निर्धारक तत्त्व महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये।
Which determinant factors play an important role in making India's foreign policy? Illustrate with examples.

(b) गुट-निरपेक्ष आंदोलन में भारत के योगदान पर और इसकी समकालीन प्रासंगिकता पर टिप्पणी कीजिये।
Comment on India's contribution to Non-Alignment Movement and its contemporary relevance.

(c) भारत व चीन के बीच तनाव के मुख्य कारणों पर प्रकाश डालिये। संबंधों को सुधारने की संभावनाएँ सुझाइये।
Illustrate the main causes of tension between India and China. Suggest the possibilities of improving relationship.

(d) भारत की नाभिकीय नीति का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये।
Critically analyze India's nuclear policy.

(e) "कभी-कभी हम देखते हैं कि प्रादेशिक सहयोग के रास्ते की विभिन्न बाधाओं के कारण 'सार्क' के प्रयासों में विराम आ जाता है।" बाधाओं के यथोचित उदाहरणों सहित इसको सविस्तार स्पष्ट कीजिये।
"Sometimes we visualize that SAARC's efforts come to halt because of various impediments to regional cooperation." Elaborate with reasonable examples of impediments.

6. (a) ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से निष्कासन को स्पष्ट कीजिये तथा सामान्यतः विश्व की अर्थव्यवस्था पर और विशेष रूप से भारत की अर्थव्यवस्था पर इसके परिणामों को उजागर कीजिये।

Explain Britain's ouster from EU and bring out its consequences on world economy in general and India in particular. 20

(b) भारत और चीन के बीच बाधित संबंधों के परिप्रेक्ष्य में भारत के यू० एस० ए० के साथ बढ़ते हुए संबंध पर टिप्पणी कीजिये।

Comment on India's growing relationship with USA in the background of constrained relations between India and China. 15

(c) भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सीट की माँग पर अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में चीन की भूमिका का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये।

Critically analyze China's role in international politics against India's demand for permanent seat in UN Security Council. 15

7. (a) विश्व राजनीति में पर्यावरणीय सरोकारों की रखवाली करने से संबंधित मुख्य समस्याओं व चुनौतियों का परीक्षण कीजिये।

Examine the main problems and challenges involved in looking after environmental concerns in world politics. 20

(b) उत्तर-दक्षिण विभाजन की संकल्पना को स्पष्ट कीजिये और सुझाइये कि किस प्रकार उच्च मजदूरी, उच्च निवेश वाले औद्योगिक उत्तर और निम्न मजदूरी, निम्न निवेश वाले अधिकतर ग्रामीण दक्षिण के बीच संरचनात्मक असमताओं को कम किया जा सकता है।

Explain the concept of the North-South divide and suggest how structural inequalities between the high wage, high investment industrial North and low wage, low investment predominantly rural South can be reduced. 15

(c) विकासशील देशों पर सोवियत संघ के विखंडन के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों की चर्चा कीजिये।

Discuss the positive and negative impacts of Soviet Union's disintegration on developing nations. 15

8. (a) शस्त्रीकरण होड़ के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को स्पष्ट कीजिये और निःशस्त्रीकरण की राह में आने वाली रुकावटों की पहचान कीजिये।

Explain the socio-economic impacts of arms race and identify the obstacles in the way of disarmament. 20

(b) भारत की 'पूर्व की ओर देखो नीति' के संबंध में क्या अपेक्षाएँ व आकांक्षाएँ हैं? स्पष्ट कीजिये।

What are the hopes and aspirations of 'Look East Policy' of India? Explain. 15

(c) पठानकोट घटना के प्रकाश में पाकिस्तान के प्रति भारत की विदेश नीति में आये परिवर्तन पर चर्चा कीजिये।

Discuss the shift of India's foreign policy towards Pakistan in the light of Pathankot incident. 15

★★★